**खबर संक्षेप**

### नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत की गई गतिविधियों का समापन

**मण्डला।** भारत सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवी वर्षगांठ पर कराई गयी गतिविधियों के समापन के अवसर पर जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंगलवार को इस कार्यक्रम के तहत नशा मुक्ति जागरूकता के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों, विद्यालय की प्राचार्य एवं शिक्षकों ने नशा मुक्त भारत के विषय पर अपने विचार भी व्यक्त किये। कार्यक्रम के अंत में नशा मुक्ति एवं बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर एडिशनल एस.पी. श्री शिवकुमार वर्मा, उप संचालक सामाजिक न्याय श्री रोहित बड़कुल, विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कल्पना नामदेव, डी.एस.पी. श्री चतुर्वेदी, टी.आई. श्रीमती आरती तेकाम, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी श्री पीयूष पाण्डेय, शिक्षक श्री अखिलेश उपाध्याय उपस्थित रहे।

### विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं-सीईओ जिला पंचायत

**मण्डला।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शाश्वत सिंह मीना ने मंगलवार को जनपद पंचायत सभागार निवास में ग्राम पंचायत सचिवों और ग्राम रोजगार सहायकों (जीआरएस) की बैठक ली। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। सीईओ श्री मीना ने इस कार्य की महत्ता पर जोर देते हुए स्पष्ट किया कि यह कार्य भारत निर्वाचन आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीईओ श्री मीना ने सभी उपस्थित सचिवों और ग्राम रोजगार सहायकों को सख्त निर्देश दिए कि वे इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखें। उन्होंने समय-सीमा का कड़ाई से पालन करने के लिए कहा और निर्देशित किया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्य को निर्धारित समय सीमा पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### 19 से 25 तक मनाया जाएगा कौमी एकता सप्ताह

**मण्डला।** अपर कलेक्टर मंडला राजेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि राज्य शासन द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 19 से 25 नवंबर 2025 तक कौमी एकता सप्ताह मनाने का निर्णय लिया गया है। साम्प्रदायिक सदभाव, राष्ट्रीय एकता और अखण्डता को मजबूत करने के उद्देश्य से यह सप्ताह मनाया जाता है। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सहिष्णुता, सह अस्तित्व और साम्प्रदायिक सदभाव के मूल्यों को व्यक्त करने का प्रयास किया जाता है। इस सप्ताह के दौरान जिले के शैक्षणिक संस्थाओं, स्कूल, कॉलेज तथा आईटीआई में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## नगर में बढ़ती अव्यवस्थाओं पर कार्रवाई की उठी मांग

# गलियाँ बनी कबाड़ का अड्डा





*** भारी वाहनों की आवाजाही से परेशानी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

*नगर में चहुंओर या तो टूटी सड़कें हैं या फिर किसी भी कॉलोनी में प्रवेश करते समय कचरे के ढेर हैं और उसके साथ अब एक नई समस्या लोगों के सामने आ रही है जो कि इनसे भी ज्यादा भयावह है वह है गलियों के अंदर कबाड़ के ढेर।*

स्वच्छता अभियान वर्षो से जारी है उसके बावजूद हमारे नगर में इस अभियान का जिक्र और विज्ञापन तो भरपूर हो रहा है लेकिन हकीकत क्या है यह इस बात से साबित हो जाती है कि कचरों के ढेर जो पहले सीमित हुआ करते थे अब हर गली मौहल्ले में नये-नये नजर आ रहे हैं।

कचरों की समस्या से अभी उबरना भी संभव नहीं हो पा रहा था कि एक नई समस्या अब लोगों के लिये परेशानी का सबब बनती जा रही हैं गली मौहल्लों के अंदर एक तो व्यवसायिक गतिविधियाँ बढ़ती जा रही हैं रहवासी क्षेत्रों में बड़े-बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठान खुल रहे हैं और इन प्रतिष्ठानों के सामने बड़े-बड़े वाहन माल उतारते एवं चढ़ाते नजर आते है इन वाहनों की आवाजाही से न केवल जाम की स्थिति बनती है बल्कि इन रहवासी कॉलोनियों में रहने वालों का जीवन भी दुस्वार होता जा रहा है। लोगों को अपने वाहन निकालना भी इन गलियों से मुश्किल होता है जिन गलियों में बच्चे खेला करते थे अब वहां वाहनों की धमाचौकड़ी मची रहती है।

कबाड़ का धंधा करने वालों के लिये ये गलियाँ अत्यंत महफूज नजर आती हैं एक तो कबाड़ को कोई चुराता नहीं लिहाजा जो भी इस तरह का धंधा करता है वह अपना अधिकांश माल बाहर सड़क पर ही एकत्रित कर रखा रहता है जिससे परेशानी दूसरों को हो रही है।

नगर पालिका क्षेत्र के प्रमुख वार्डों-अंबेडकर वॉर्ड और आज़ाद वॉर्ड में पिछले कुछ समय से कबाड़ कारोबारियों का कब्ज़ा तेजी से बढ़ता जा रहा है। स्थिति यह है कि कई गलियों में कबाड़ की ढेरियों ने सड़क को लगभग बंद कर दिया है, जिससे स्थानीय निवासियों का आवागमन मुश्किल हो गया है।

सबसे खराब हालात अंबेडकर वॉर्ड में एसबीआई बैंक के सामने वाली गली और धर्मशाला के पीछे वाले क्षेत्र में देखने को मिल रहे हैं, जहाँ पूरी सड़क कबाड़ से पटी पड़ी है। रात के समय या किसी मेडिकल इमरजेंसी के दौरान तो यहाँ से निकलना तक मुश्किल हो जाता है। यही हाल आज़ाद वॉर्ड की पिछली गलियों का भी है, जहाँ कबाड़ियों ने अपनी दुकानें फैलाकर मार्ग को बाधित कर दिया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि रोज-रोज बढ़ रही ये अव्यवस्था न सिर्फ असुविधा, बल्कि सुरक्षा जोखिम भी बन चुकी है।

अंबेडकर वॉर्ड की पार्षद श्रीमती अनीता दिनेश चौधरी ने मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि "वार्डवासियों की परेशानी पूरी तरह जायज़ है। जल्द ही नगर पालिका प्रशासन के साथ मिलकर रास्तों से कबाड़ हटवाने की कार्रवाई की जाएगी।"

निवासियों को उम्मीद है कि प्रशासन जल्द हस्तक्षेप कर कबाड़ अड्डों से मुक्त स्वच्छ और सुगम आवागमन सुनिश्चित करेगा।





## पुलिस महानिरीक्षक बालाघाट जोन द्वारा मण्डला पुलिस का तीन दिवसीय निरीक्षण सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पुलिस महानिरीक्षक बालाघाट ज़ोन संजय कुमार द्वारा दिनांक 16/11/2025 से 18/11/2025 तक जिला मण्डला पुलिस का तीन दिवसीय निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का उद्देश्य पुलिस व्यवस्था, अनुशासन, कार्यप्रणाली एवं जनसेवा से जुड़े विभिन्न पहलुओं का मूल्यांकन करना रहा।

**पहला दिनः**

आईजी ने थाना बीजाडांडी का निरीक्षण किया। इस दौरान थाने की कार्यप्रणाली, अभिलेख, मालखाना, सुरक्षा व्यवस्था आदि का अवलोकन किया गया तथा बलवा ड्रिल प्रैक्टिस कराते हुए स्टाफ को अनुशासन और तत्परता के निर्देश दिए।

**दूसरा दिनः**

द्वितीय दिवस पर आईजी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय मण्डला की सभी शाखाओं का निरीक्षण किया। इसके बाद थाना कोतवाली मण्डला एवं एसडीओपी मंडला कार्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया गया।

**निरीक्षण के अंतिम दिवस**

प्रातः रक्षित केन्द्र मण्डला में परेड का आयोजन किया गया, जिसमें परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक सुनील नागवंशी के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा आईजी को सलामी दी गई। उत्कृष्ट वर्दी,



अनुशासन एवं श्रेष्ठ प्रदर्शन पर चयनित अधिकारियों-कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। इसके पश्चात भव्य परेड आयोजित हुई।

परेड उपरांत सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक मण्डला रजत सकलेचा द्वारा आईजी का स्वागत किया गया। पुलिस कर्मचारियों एवं परिजनों द्वारा विभिन्न समस्याएँ रखी गईं, जिनका आईजी महोदय द्वारा नियमानुसार निराकरण किया गया। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को नक्सल उन्मूलन 2026 के लक्ष्य की दिशा में सतत प्रयास करने, दैनिक व्यायाम, स्वास्थ्य जागरूकता और हेल्दी डाइट अपनाने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम के अंत में पुलिस अधीक्षक द्वारा आईजी को स्मृतिचिह्न प्रदान किया गया।

समापन अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मण्डला शिव कुमार वर्मा द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव दिया गया।

कार्यक्रम में एसडीओपी मंडला पीयूष मिश्रा, प्रीतम वालरे, मनीष राज, सौरभ तिवारी, डीएसपी अजाक अर्चना अहीर, डीएसपी महिला सुरक्षा सतीश चतुर्वेदी, सभी थाना-चौकी प्रभारी एवं अन्य पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रोजगार युवा संगम मेला में 8 अभ्यर्थियों का अप्रेंटिसशिप में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय मंडला आईटीआई मंडला एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र मंडला द्वारा संयुक्त रूप से रोजगार युवा संगम मेले का आयोजन नगर पालिका टाउन हॉल मंडला में किया गया। मेले में स्थानीय एवं निजी क्षेत्र की 6 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया एवं मेले में 95 अभ्यर्थी उपस्थित हुए।

रोजगार युवा संगम मेले में नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा एवं विभागों के प्रमुखों द्वारा मां सरस्वती जी का पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का



शुभारंभ किया गया। प्राचार्य आईटीआई मंडला श्रीमती मनीषा भूरिया एवं सहायक संचालक डीआईसी श्री बलराम यादव के द्वारा स्वरोजगार हेतु शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कंपनियों द्वारा 31 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया। 8 अभ्यर्थियों का अप्रेंटिसशिप में चयन किया गया। स्वरोजगार के लिए 6 हितग्राहियों को सेंक्शन लेटर वितरित किए गए। मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के तहत 5 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। कार्यक्रम में जिला रोजगार अधिकारी श्री एलएस सैयाम, प्रशिक्षण अधीक्षक श्री आरएस बरकडे, श्रम अधिकारी श्री राजेश मिश्रा, प्रबंधक डीआईसी श्री प्रदीप जायसवाल, आईटीआई से प्लेसमेंट ऑफिसर श्री आनंद मरावी, श्री ओमप्रकाश साहू, डीके शाहू एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। प्रशिक्षण अधिकारी श्रीमती वैशाली कामड़े द्वारा मंच संचालन किया गया।

## सीएम हेल्पलाइन शिकायत की समीक्षा हेतु बैठक



*** परख ऐप के माध्यम से शत-प्रतिशत निरीक्षण करना सुनिश्चित करें।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कार्यालय सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग में जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग के लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की शिकायत की समीक्षा की गई। सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों के शिकायतवार समक्ष में चर्चा कर त्वरित निराकरण कर संतुष्टिपूर्वक शिकायतें बंद करावें। उक्त कार्य में किसी भी का विलम्ब नहीं किया जावे। सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के लंबित पेंशन प्रकरण विधिवत तैयार कर निराकरण कराने हेतु निर्देशित किया गया है। सभी विकासखंडों से सीएम न्यायालय में लंबित जबाब दावा/कंप्लायंस के आवश्यक अभिलेखों को तत्काल उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है। शासन के निर्देशानुसार प्राचार्यों के ई-अटेंडेंस की समीक्षा की गई जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि ई-एचआरएमएस पोर्टल पर शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति प्रतिदिन दर्ज कराना सुनिश्चित करें। शासन के निर्देशानुसार जिले में संचालित छात्रावास/आश्रमों का निरीक्षण परख ऐप के माध्यम से किये जाने के निर्देश हैं। सभी बीईओ को निर्देशित किया गया है कि विकासखंड में संचालित सभी छात्रावास/आश्रमों को परख ऐप के माध्यम से शत-प्रतिशत निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। साथ ही शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के ओटीआर रजिस्ट्रेशन एवं छात्रवृत्ति स्वीकृति की कार्यवाही संस्था स्तर से समय-सीमा के पूर्व पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

**बैठक** | **स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास की हुई सामूहिक बैठक।**

# कलेक्टर ने की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा

*** बम्हनी एवं मवई सीएमओ को नोटिस जारी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला योजना भवन मंडला के सभाकक्ष में कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति की अध्यक्षता में स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।





मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.जे. मोहन्ती के द्वारा राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम, शिशु स्वास्थ्य (एनआरसी) तथा राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन की जानकारी दी गई।कलेक्टर श्री मिश्रा ने समीक्षा बैठक में निर्देशित किया कि लक्ष्य पूर्ण किये जाने के लिए जिले के सभी विकासखण्ड को फोकस करें। जिले में बम्हनी शहरी क्षेत्र मवई में 78 प्रतिशत एवं 75 प्रतिशत सबसे कम उपलब्धि है खण्ड चिकित्सा अधिकारी बम्हनी एवं मवई को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। टी.बी. भुगतान भुगतान लंबित है। इसमें खण्ड चिकित्सा अधिकारी बम्हनी एवं एसटीएस को नोटिस जारी करने के निर्देश बैठक में दिए। निक्षय मित्र फूड बास्केट मरीजो को जनप्रतिनिधि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद, एवं तहसीलदार के साथ समन्वय करके वितरण किया जाये।

मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत प्रसव एवं एएनसी रजिस्ट्रेशन जिले के अशासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में हो रहे है जानकारी उपलब्ध कराकर अनमोल पोर्टल पर दर्ज करें संबंधित मैदानी कार्यकर्ताओ एवं सहयोग हेतु जिला स्वास्थ्य अधिकारी-1, जिला एमण्डई अधिकारी एवं शहरी नोडल को निर्देशित किया गया।

जिले में हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का सुरक्षित प्रसव कराने के लिये स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग समन्वित कार्ययोजना तैयार करें एवं नवाचार करते हुये क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के साथ समन्वित बैठक करें प्रत्येक 15 दिवस में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग के साथ समीक्षा बैठक करें एवं सभी एएनसी का समग्र में नाम जुड़वाने हेतु समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी एकजाई कर पंचायत को भेजने हेतु निर्देशित किया गया। गर्भवती महिलाओं को प्रथम तिमाही में शत प्रतिशत पंजीयन करने हेतु निर्देश दिया गया। कार्य में प्रगति न करने वाले संबंधित खण्ड चिकित्सा अधिकारी को वेतन काटने की कार्यवाही की जावेगी।

सिकल सेल उन्मूलन के लिये जन अभियान बनाने प्रचार-प्रसार जनजागरूकता अधिक से अधिक करें। दिसम्बर माह से ''आरोग्यम जन स्वास्थ्य शिविर 2.0 प्रारंभ करने हेतु निर्देशित किया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत कटे-फंटे होंट एवं क्लव फुट से पीडित बच्चों की स्क्रीनिंग करके वृहद् शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन करने हेतु निर्देशित किया गया। सीएम हेल्पलाईन मध्यप्रदेश में जिला तीसरी रेंक में है, कलेक्टर द्वारा प्रशंसा की गई। समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि 108 की ऑडिट 01 सप्ताह के अंदर करके रिर्पोट जिले को भेजें जिससे आगे की कार्यवाही की जा सकेगी।

बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी शाश्वत सिंह मीना, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीजे मोहंती, जिला महिला बाल विकास अधिकारी श्रीमती शालिनी तिवारी, सिविल सर्जन जिला टीकाकरण अधिकारी, डी.एच.ओ., समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी, समस्त सी.डी.पी.ओ., डी.पी.एम., डी.सी.एम., एमएण्डई, बीईई, बी.पी.एम, बी.सी.एम. उपस्थित थे।

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।

भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### बीच रोड पर बाइक रोकते हुये की मारपीट

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** बाइकर्सो की मनमानी इस तरह देखने मिल रही है कि रास्ते से चलने वाले लोगों के आगे पीछे होते हुये हडदंग लीला करने से नही चूक रहे है और यदि कोई इनकी मनमानी पर कुछ बोलता है तो उसके साथ मारपीट करने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस गाडरवारा चीचली मार्ग पर पर उस समय देखने मिली जब एक बाइक पर सबार तीन लोगों द्वारा की जा रही मनमानी पर ग्रामीण द्वारा आपत्ति लेने के चलते मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। घटना के संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम बारहाबड़ा निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसकी गाडरवारा में मोटर बाइडिंग की शिव इंजीनिरग वर्कशाप नाम से दुकान है। वह बीते हुये दिवस अपनी अपनी स्कूटी से दुकान बंद करने के बाद बारहाबडा जा रहा था उसी समय दिघोरी तिरहा के पास एक बगैर नम्बर की मोटर साईकिल जिसकी नम्बर प्लेट पर बाबा लिखा हुआ था उस पर तीन लोग सबार होकर प्रार्थी की स्कूट के आगे पीछे कर रहे थें जिसके चलते प्रार्थी को अपनी स्कूटी चलाने में परेशानी होने के चलते जब उनसे बोला की अपनी गाडी को अच्छे से चलाये इसी बात को लेकर तीनों ने अपनी मोटर साईकिल को बीच रास्ते पर खड़ी कर प्रार्थी का रास्ता रोकते हुये एक राय होकर गंदी गंदी गालिया देते हुये बेल्ट से मारपीट की गई। इसके बाद एक मोटर साईकिल स्पेलेन्डर प्लस नं. MP49 ZB-5557 पर इनके अन्य दो साथी नीलेश धान रवि उर्फ पिल्टू कहार आये वह लोग भी गाली देते हुये एक राय होकर मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### आटो की टक्कर से बाइक चालक घायल

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** क्षेत्र की सड़को पर जिस तरह आटों चालक द्वारा बेलगाम गति व लापरवाही पूर्वक आटों दौडाये जा रहे है उसके चलते आम लोगों की जिन्दगी खतरे में पड़ते हुये देखी जा रही है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिना गाडरवारा से बारहाबड़ा मार्ग पर उस समय देखने मिली जब एक सब्जी विक्रेता को आटों चालक द्वारा टक्कर मारते हुये घायल कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम बारहाबड़ा के बालगंज मोहल्ला निवासी विकास पिता राजेश कुशवाहा उम्र 25 साल अपनी मोटर साईकिल क्रमांक MP49ZB3864 से गाडरवारा से बारहाबडा जा रहा था उसी दौरान रास्ते में आटों क्रमांक MP49R1275 के चालक अरविंद यादव निवासी भगत सिंह वार्ड गाडरवारा द्वारा अपने आटों को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये बाइक चालक विकास को टक्कर मारते हुये घायल कर दिया गया। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी आटों चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### गाजर घास की तरह उग रहे कम्पूटर सेन्टर, अधिकारी बने उदासीन

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** इस समय नगर में देखा जा रहा है कि जहां तहां इस प्रकार से कम्पूटर केन्द्र खुल रहे है जिसको लेकर अनेक बच्चे गुमराह होकर उनमें प्रवेश तो ले रहे है, मगर सच्चाई यह देखने मिल रही है कि बच्चों को शिक्षा देने के लिए इन कम्पूटर सेन्टरों के संचालको के पास उतना ज्ञान ही नही होता है? जिसके चलते देखा जाता है कि जब छात्र छात्राएं इन सेन्टरों पर अध्ययन के लिए जाते है तो वह फेसबुक या अन्य गेमों को खेलते हुए अपना समय समाप्त कर बापिस आ जाते है। क्योंकि क्षेत्र में संचालित हो रहे अनेक सेन्टर तो कम्प्यूटर शिक्षा के नाम पर गाजर घांस की तरह उगे कम्प्यूटर केन्द्र ग्रामीण एवं भोले भाले छात्रो को चूना लगाने में मशगूल है, बताया जाता है कि नगर में एक दो प्रमुख रजि. सेन्टरों को छोड़ने के बाद आये दिन पैदा हो रहे इन फर्जी कम्प्यूटर केन्द्रो द्वारा जहां छात्र छात्राओं के भविष्य के साथ मजाक किया जा रहा है..?

69 वीं राष्ट्रीय व्हालीबॉल प्रतियोगिता में जीत का परचम लहराने वाली टीमों को पुरस्कार वितरण के साथ हुआ आयोजन का समापन

# खेल मनोरंजन के साथ शारीरिक जरूरत - प्रभारी मंत्री राजपूत






**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर के पुराने कालेज खेल मैदान पर आयोजित पांच दिवसीय 69 वीं राष्ट्रीय व्हालीबॉल प्रतियोगिता का समापन पुरूस्कार वितरण कार्यक्रम प्रदेश शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण व जिले के प्रभारी मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस मौके पर क्षेत्र के विधायक तथा प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने अध्यक्षता की गई। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राम स्नेही पाठक, पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, पूर्व विधायक श्रीमती साधना स्थापक व नरेश पाठक, नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, मिनेन्द्र डागा, जिला कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा, राष्ट्रीय व्हालीबॉल कोच चंदर सिंह, वीर सिंह, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग अरुण इंग्ले, अनुविभागीय अधिकारी श्रीमति कलावति व्यारे, जिला शिक्षा अधिकारी प्रतुल इंदुरख्या, उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी, खिलाड़ी और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे। इस प्रतियोंगिता का फाईनल मेच सोमवार को खेले गये जिसमें बालक वर्ग से तीसरा स्थान प्राप्त करने के लिये गुजरात ने विद्या भारती क़ो हराकर तृतीय स्थान सुरक्षित किया एवं विद्या भारती चौथे स्थान पर रही। इसी प्रकार बालिका वर्ग के तृतीय स्थान के रोमांचक मैच में सीबीएसई ने राजस्थान क़ो बेहद कड़े मुकाबले में पराजित करते हुये जीत का परचम लहरा कर तीसरा स्थान हासिल क़िा गया। इसके बाद फाईनल मैच में बालक वर्ग में हिमाचल प्रदेश एवं सीबीएसई के मध्य खेला गया जिसमे सीबीएसई ने जीत दर्ज कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। वही बालिका वर्ग में फाईनल मुकाबला पश्चिम बंगाल एवं तमिलनाडु की टीमों के बीच खेला गया जिसमें पश्चिम बंगाल की टीम अपना जीत का परचम लेहराते हुये फाईनल मुकाबले का अपने सिर पर ताज पहना गया। इस प्रकार से प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे हुये जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत व उदय प्रताप सिंह विजेता, उप विजेता सहित तीसरे स्थान पर रहने वाले टीमों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान अच्छा प्रदर्शन करने वाले टीम के खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया। आयोजित 69 वीं राष्ट्रीय व्हालीबॉल प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में पश्चिम बंगाल को प्रथम व तमिलनाडू को द्वितीय व सीबीएसई को तृतीय पुरूस्कार दिया गया। इसी प्रकार से बालक वर्ग में सीबीएसई टीम को प्रथम तो हिमाचल प्रदेश टीम को द्वितीय व गुजरात टीम को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया। अन्य पुरूस्कारों में बालिका वर्ग में लिब्रो में पश्चिम बंगाल की सुमना तथा सेटर में तमिलनाडू की प्रतीका एवं वेस्ट अटैकर में पश्चिम बंगाल की तनीषा राय व ऑल राउंडर में सीबीएसई की श्रेया को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार से बालक वर्ग में लिब्रो में गुजरात टीम के नेताम मलिक तो सेटर में हिमाचल प्रदेश टीम के हर्षिता ठाकुर। वही वेस्ट अटैकर में विद्या भारती टीम के तुषार व ऑल राउंडर सीबीएसई टीम के अमन को पुरस्कृत किया। इसके अलावा प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सहयोग देने वाले अशासकीय स्कूलों के संचालकों को भी सम्मानित किया। वही समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुये जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह के प्रयासों से गाडरवारा में राष्ट्रीय शालेय व्हालीबॉल प्रतियोगिता के माध्यम से पूरे भारत देश के नक्शे पर गाडरवारा शहर की एक अलग ही पहचान बना ली गई है। क्योंकि लगातार दूसरे वर्ष इस तरह राष्ट्रीय स्तर का आयोजन होने से अब देश की युवा पीढ़ी इस शहर को कभी भुला नही पायेगी। क्योंकि गाडरवारा शहर में विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों का जिस प्रकार से समावेश हुआ है जो प्रसन्नत्ता का विषय ही नही बल्कि एक बड़ा कार्य है। इस आयोजना के माध्यम से यहाँ हमारे देश की संस्कृति की झलक देखने क़ो मिल रही है। उन्होने कहा कि युवा अवस्था में मैनें स्वयं बास्केटबॉल एवं व्हालीबॉल खेल खेला है। इस खेल में मेरी शारीरिक ऊंचाई अधिक होने का मुझे लाभ मिलता था। इस प्रतियोगिता में भी अधिक ऊँचाई वाले खिलाड़ियों क़ो मैने देखा कि उन्होनें निश्चित तौर पर खेल का बेहतर प्रदर्शन किया है। खेल जहां दर्शकों को मनोरंजन तो देता ही है। मगर शरीर के विकास में विशेष योगदान देता है। इसी प्रकार से कार्यक्रम की अध्यक्षता करते क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा व परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान देने वालों का अभिनंदन करते हुये आभार व्यक्त किया गया। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि राष्ट्रीय स्तर की बहुत बड़ी व्हालीबॉल प्रतियोगिता इस छोटे शहर गाडरवारा में आयोजित करना बड़ी चुनौती थी। लेकिन प्रशासन सहित यहां के नागरिकों और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने सहभागिता की जो अदभुत उदाहरण बनकर सामने आई। क्योंकि देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों को यहां पर अपनत्व महसूस हुआ है। बाहर से आये खिलाड़ियों के भोजन, रहने व आने जाने की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं में सभी ने साथ मिलकर कार्य किया, इसके लिए मंत्री सिंह ने कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम का मंच संचालन मिनेन्द्र डागा व दीपक अग्निहोत्री के साथ मनीष शंकर तिवारी ने संयुक्त रूप से किया।



### रेलवे गेट पर मालगाड़ी का डिब्बा खड़ा रहने से दोनों ओर वाहनों की लगी रही लाईन

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** नगर के बीचों बीच से निकला हुआ रेल्वे गेट जहां बंद रहने के चलते आये दिन लोगों के लिये परेशानी का कारण बनने से नही चूकता है। मगर कभी कभी हद उस समय हो जाती है जब बीच गेट पर गाड़ियों को रोक दिया जाता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस उस समय देखने मिली जब यहां से निकल रही एक माल गाड़ी के रूप जाने के चलते उसका गार्ड वाला डिब्बा गेट के बीचों बीच खड़े रहने के चलते लोगों के वाहन गेट से नही निकल पा रहे थें। इस तरह लगभग एक घंटे तक गेट बंद रहने की स्थिति में रेलवे गेट के दोनों



ओर वाहनों की लम्बी लाईने लगी हुई देखी गई। इस स्थिति के चलते सबसे अधिक परेशानी उन लोगों को उठाना पड़ी जो अपने किसी जरूरी कार्य के चलते निर्धारित समय को मिलाने के लिये अपने घरों से निकले हुये थे। मगर रेल्वे गेट बंद रहने के चलते उन्हें अपने परिवार के लोगों के साथ यहां पर खड़े रहने के लिये मजबूर होना पड़ा और समय पर पहुंचने वाले स्थान पर नही पहुंच पाने की स्थिति में उनका कार्य रूक गया। ज्ञात हो कि सालीचौका क्षेत्र के दर्जनों गांवों के लोगों को इस गेट को पार करते हुये गाडरवारा, करेली, नरसिंहपुर, पिपरिया सहित अन्य जगहों पर पहुंचना होता है। इसी प्रकार से गेट के इस पार निवास करने वाले छात्र छात्राओं को भी रेल लाईन पार करने के लिये यही गेट होने के चलते आये दिन इस तरह रेल्वे गेट के बंद रहने या फिर गेट पर ट्रेनों के खड़े रहने की स्थिति में परेशान होते हुये देखा जाना आम बात बन चुकी है।

## सूफी गायक कैलाश की गीतों की धून से शिवमय हुआ रूद्र मैदान, भीड़ को ध्यान में रखते हुये भारी पुलिस बल रहा तैनात





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर के खेल मैदान पर आयोजित हुई 69 वीं राष्ट्रीय शालेय व्हालीबॉल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के चलते पधारे हुये देश के जाने माने पद्मश्री सूफी गायक कैलाश खेर द्वारा प्रस्तुत की गई अपनी गानों की संगीतमय प्रस्तुति के चलते जहां नगर का रूद्र खेल मैदान शिवमय होने से नही चूक पाया था। इस दौरान प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह के आलवा राज्य सभा के पूर्व सांसद कैलाश सोनी, भाजपा जिला अध्यक्ष रामसनेही पाठक, पूर्व विधायक नरेश पाठक, साधना स्थापक, नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, जिले की कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ ऋषिकेश मीणा सहित के न्यायधीशगणें सहित अधिकारी व जिले से लेकर जबलपुर, पिपरिया व इटारसी, होशंगाबाद, रायसेन, सागर सहित अन्य जगहों से भारी मात्रा में भीड़ आई हुई थी। क्योंकि आयोजन को ध्यान में रखते हुये जहां प्रशासन द्वारा व्यवस्थाये बनाने के लिये जिला अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के नेतृत्व में 04 उप पुलिस अधीक्षक, 08 निरीक्षक,22 उप निरीक्षक सहित करीबन 250 पुलिस के अधिकारी/कर्मचारी डियूटी लगाई गई है। वही बताया जाता है कि आयोजन के दौरान अपराधिक/आवारा तत्वों पर निगरानी एवं धरपकड़ हेतु सादी वर्दी में पुलिस तैनात की गई थी। तो दूसरी ओर कार्यक्रम स्थल पर पुलिस ड्रोन के माध्यम से निगरानी करते हुये देखी गई। वही दूसरी ओर जहां नगर के भारी वाहनों का प्रवेश निषेध किया गया था तो अलग अलग स्थानों पर लोगों के वाहनों के लिये पार्किग स्थल निर्धारित किये गये थें। वही दूसरी ओर आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम स्थल पर बैठक व्यवस्था के चलते व्हीव्हीआईपी, व्ही आई पी सहित अन्य प्रकार के पासों के माध्यम से व्यवस्था बनाये गये थी। यह बात अलग है कि पार्टी से जुडे हुये कुछ लोगों को यह पास उपलब्ध नही होने के चलते वह मायूस होकर जहां आम भीड़ के बीच से आयोजन को देखते हुये देखे गये। तो दूसरी ओर सत्ता पक्ष के पास से विपक्ष के लोग जिस तरह व्हीआपी गैलरी में अपने परिवार के साथ बैठक कर कार्यक्रम का मजा लेते हुये देखे गये। वही आमजन के साथ साथ अपनी पार्टी में ही निष्ठावान होने की सच्चाई को लेकर चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रहे है..? इस सच्चाई जो भी रहे। मगर कार्यक्रम में दी गई प्रस्तुति लोगों को थरकने के लिये मजबूर करते हुये देखी गई। कार्यक्रम में प्रस्तुति के दौरान गायक कैलाश खेर ने कहा कि गाडरवारा शहर ओशो रजनीश, महर्षि योगी सहित फिल्म अभिनेता राणा की कर्मभूमि हैं। यहाँ माँ नर्मदा का हर कंकड़ ही शंकर के समान हैं। मेरा सौभाग्य है कि यह मुझे माँ नर्मदाजी के अंचल में कार्यक्रम प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त हुआ। अपनी प्रस्तुति के दौरान कैलाश खैर द्वारा अपनी आवाज में कौन है बो... कौन है बो... कहा से बो आया...रे, जय- जय कारा, स्वामी देना साथ हमारा...के गीतों के चलते दर्शकों को झूमने के लिये मजबूर कर दिया गया था। इस तरह सांस्कृतिक कार्यक्रम में पधारे हुये पदमश्री से सम्मानित गायक कलाकार का जिले के प्रभारी मंत्री तथा प्रदेश के शिक्षा व परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह द्वारा नगर आगमन पर सम्मानित किया गया।

## नगर के ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अनुविभागीय कार्यालय में लटक रहा ताला, दे रहा जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता का प्रमाण








**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर के बीटीआई स्कूल के पास स्थित ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग का अनुविभागीय अधिकारी का कार्यालय निश्चित तौर से जिम्मेदार अधिकारियों की मनमानी की मिशाल पेश करने में कोई कसर नही छोड़ रहा है। बताया जाता है कि यह विभाग ग्रामीण पंचायत स्तर पर होने वाले कार्यो का संपादन करता है। इसी के चलते यहां पर शासन द्वारा अनुविभागीय अधिकारी सहित अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति करते हुये अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय की स्थापना की गई है। मगर इस कार्यालय में पदस्थ अधिकारियों की दर्शन दशहरे के अवसर पर नीलकंड भगवान की तरह साबित होने से नही चूक रहे है..? यह सच्चाई इस कार्यालय में लटकते हुये ताले व कार्यालय के सामने पड़ी हुई गंदगी उजागर करते हुये इस बात का प्रमाण देने से नही चूक रही है कि कार्यालय लम्बे समय से खुला ही नही है..? भवन के ऊपर जरूर कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उप संभाग गाडरवारा लिखा हुआ भवन का शोभा बढ़ाते हुये देखा जा रहा है। मगर यहां पर पदस्थ अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों का यह हाल देखा जा रहा है कि उनके दर्शन दुर्लभ होने से नही चूक रहे है और लोगों को इस विभाग से संबंधित कार्यो के लिये चक्कर काटते हुये देखा जा रहा है..? अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि कार्यालय में पदस्थ प्रमुख अधिकारी से लेकर कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वाहन करने के लिये सेवाये कहा प्रदान कर रहे है और उन्हें शासन द्वारा किस बात की तनखा प्रदान की जा रही है यह चर्चा का विषय बनने के साथ साथ इस विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली पर सबाल खड़े करने से नही चूक रही है..? यहां पर पदस्थ अधिकारियों की मनमानी का यह हाल बना हुआ है कि जहां इस कार्यालय को बंद देखा जाना तो आम बात हो चुकी है। मगर लोग हैरत में उस समय पड़ने से नही चूक पाये थें जब देश के राष्ट्रीय पर्व यानि की 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के मौके पर इस भवन में ध्वजा रोहण तक नही होने के चलते इस सच्चाई को हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से उजागर करते हुये विभाग के अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत कराये जाने के बाद भी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ किसी तरह की कार्यवाही न करते हुये उनकी मनमानी पर अपना संरक्षण प्रदान करने में पीछे नही रहे है..? इस संबंध में जब कुछ सरपंचों से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि अनुविभागीय अधिकारी साहब तो आते है और चले जाते है। वह जिला मुख्यालय के कार्यालय में बैठकर अपनी सेवाये देते हुये उपस्थिति की खानापूर्ति कर लेते है..? अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि यदि यह बात सत्य है तो फिर गाडरवारा में कार्यालय स्थापित होने का क्या औचित्य रह जाता है...? क्योंकि जब राष्ट्रीय पर्व पर शासकीय कार्यालय में ध्वजा रोहण न होना निश्चित तौर से देश के प्रधानमंत्री द्वारा हर घर तिरंगा की मुहिम को ग्रहण लगने से नही चूक पाया था..? मगर इसके बाद भी इस तरह मनमानी पूर्ण कार्यप्रणाली पर उतारू रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ विभाग द्वारा किसी तरह की कार्यवाही नही किये जाने का परिणाम है कि उनके हौसले सातवे आसमान पर दिखाई देने के चलते गाडरवारा कार्यालय भवन मात्र एक शोभा की सुपारी बनकर रह चुका है..? वही दूसरी ओर इस तरह कार्यालय में लटक रहे ताले को देखकर तो यही अनुमान लग रहा है कि शायद गाडरवारा क्षेत्र में यह विभाग मात्र कागजों पर ही अपनी सेवाये प्रदान करने में पीछे नही रह रहा है..? इसी का परिणाम है कि इस विभाग के कार्यालय भवन को आसपास के अन्य विभाग द्वारा अपने वाहन खड़ा करने के लिये वाहन स्टेन्ड के रूप में उपयोग करने की शुरूआत कर दी गई है।



## जनशिक्षा केन्द्रों पर आयोजित हुई ओलम्पियाड परीक्षा

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशों के परिपालन में साईंखेड़ा एवं चीचली ब्लॉक के प्रत्येक जन शिक्षा केंद्रों में प्रथम चरण की ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस प्रतियोगिता में प्रत्येक जन शिक्षा केंद्र की शासकीय शालाओं के चयनित कक्षा दूसरी से तीसरी व कक्षा चौथी से कक्षा पांचवी तथा कक्षा छठवीं से आठवीं अध्ययनरत विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान तथा पर्यावरण विषय के प्रश्न पत्र को विद्यार्थियों ने हल किया गया। इस परीक्षा में कक्षा दूसरी से पांचवी के विद्यार्थियों का परीक्षा समय सुबह 11:00 से 1:00 तक तथा कक्षा छठवीं से आठवीं के परीक्षार्थियों का समय सुबह 11:00 बजे से 2:00 बजे तक रहा। इस प्रकार से विकास खंड चीचली के आठ जन शिक्षा केंद्रों में कक्षा दूसरी से तीसरी के कुल 826 में से 775 परीक्षार्थी शामिल हुये तो कक्षा चौथी से पांचवी की परीक्षा में 1000 में से 974 तथा कक्षा छठवीं से आठवीं में की परीक्षा में1626 में से 1583 परीक्षार्थी शामिल हुये। इस प्रकार से कुल 3332 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया। इसी प्रकार साईखेड़ा विकासखंड में सात जन शिक्षा केंद्रों में भी अनेक परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया। चीचली विकास खंड में परीक्षा का निरीक्षण बीआरसी डी के पटेल ने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली तथा बीएसी अरुण दुबे ने शासकीय हायर सेकेंडरी बारहाबड़ा का निरीक्षण किया। इसी प्रकार साईखेड़ा में सहायक संचालक सीमा डोंगरे, बीआरसी संदीप स्थापक,बीएसी मनीराम मेहरा एवं पवन राजोरिया ने जनशिक्षा केंद्र प्रभारियों एवं जनशिक्षकों ने निरीक्षण किया। परीक्षा उपरांत सभी परीक्षार्थियों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया गया। परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु जनपद शिक्षा केंद्र चीचली में गठित कंट्रोल रूम समिति में अरुण दुबे, सत्यम ताम्रकार, एमआईएस दीपक श्रीवास्तव, संजय सोनी, ऑपरेटर अभिषेक पाराशर, लेखराम गौतम, दिनेश चौरसिया तथा साईखेड़ा में गठित कंट्रोल रूम समिति ने अपनी भागीदारी देते हुए सायंकाल तक बंद पैकेट सामग्री जमा की। ज्ञात हो कि अगले चरण की ओलंपियाड परीक्षा आगामी समय में राज्य शिक्षा केंद्र से निर्धारित समय अनुसार आयोजित की जाएगी।

### जिन्दगी की शाम काटना हुआ वृद्वजनों का मुश्किल, शहर में वृद्धाश्रम बनना जरूरी

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** मेहनत कर किसी तरह बच्चो का भविष्य सॅवारने के साथ साथ जीवन के सच का सामना करते हुए जिन्दगी की शाम आ पहुँची पर नगर के बहुत से ऐसे वृद्ध है, जिन्हे वृद्धावस्था मो सुखचैन नसीब नहीं हुआ, दरकतें परिवारों के दौर में जहां युवा वृद्धो की देखभाल करने से कतराने लगे है, वही दुःखद सच्चाई यह भी है कि परिवारो में उपेक्षित होने की स्थिति में वृद्ध एकाकीपन की यातना झेलने को भी विवश हो गए है, जो वृद्ध शासकीय सेवा में रह चुके है उनके लिए तो मासिक पेंशन कुछ हद तक सम्मान जनक ढंग से जीने का सहारा बनी हुई है, किन्तु जिन वृद्धो को वृद्धावस्था पेंशन मिल रही है उन्हे तो समस्याओं के कॉटे लगातार बेधते रहते है और वे किसी प्रकार गुमनामी के अँधेरे में अपनी जिन्दगी काटने मजबूर है? उल्लेखनीय है कि शहर में आबादी बढ़नें और लोगों के नजरिए में बदलाब आने के साथ वृद्धो की जीवन दशा खराब होती चली जा रही है और अधिकतर बुद्धिजीवी, प्रतिष्ठित नागरिको का मत है कि गाडरवारा में शीघ्र सामूहिक सहयोग से एक वृद्धाश्रम खोला जाए, जिसमें रहकर जरूरत मंद वृद्ध सुकून से अपना शेष जीवन व्यतीत कर सकें।

## खबर संक्षेप

### मध्यान्ह भोजन में लापरवाही बरतने पर समूह का अनुबंध किया गया निरस्त

डिंडौरी। विकासखंड डिंडौरी अंतर्गत प्राथमिक शाला झुरकी टोला में मध्यान्ह भोजन वितरण में लापरवाही पाए जाने पर जिला पंचायत सीईओ ने समूह के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए अनुबंध निरस्त कर दिया है। विद्यालय में पीएम पोषण कार्यक्रम के संचालन की जिम्मेदारी दूसरे समूह को सौंपी गई है। जानकारी के अनुसार प्राथमिक शाला झुरकीटोला में मध्यान्ह भोजन नहीं मिलने की वजह से 14 बच्चे भूखे पेट विद्यालय से लौट गए थे। मामला उजागर होने पर जनपद शिक्षा केन्द्र सर्व शिक्षा अभियान ने जांच टीम गठित की थी। जांच दल ने विद्यालय पहुंचकर तथ्यात्मक जांच की। जांच प्रतिवेदन में पुष्टि की गई थी कि 14 बच्चों को उस दिन मध्यान्ह भोजन उपलब्ध नहीं कराया गया था। संस्था प्रमुख ने बताया की दीप स्व सहायता समूह को बार-बार निर्देशित करने के बावजूद समूह द्वारा निरंतर लापरवाही की जा रही थी। इसे लेकर 15 सितम्बर 2025 को दीप स्व सहायता समूह के अध्यक्ष सचिव तथा कार्यरत रसोइयों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। संबंधित समूह और रसोइयों द्वारा प्रस्तुत उत्तर संतोषजनक नहीं पाया गया। अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन पाए जाने पर दीप स्व सहायता समूह का अनुबंध तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया। विकासखंड स्रोत समन्वयक डिंडौरी के द्वारा जारी पत्र में निशा स्व सहायता समूह को प्राथमिक शाला झुरकी टोला में पीएम पोषण कार्यक्रम संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्य में लापरवाही बरतने पर रसोईया द्रोपती राठौर एवं ममता वनवासी का रसोईया चिन्हांकन निरस्त किया गया। इनके स्थान पर मनोरमा रजक एवं लोकमाया बर्मन को रसोइया नियुक्त किया गया है।

### साधु के वेष में रह रहे स्थाई वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



डिंडौरी। पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सतीश द्विवेदी के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस, थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद नगपुरे के नेतृत्व में फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दीपक पनिका पिता रामचरण पनिका उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम किवटी पर 2021 में मारपीट सहित जान से मारने की धमकी का आरोप था जिसके विरूद्ध कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर न्यायालय मे चालान प्रस्तुत किया था जिस प्रकरण की न्यायालय में सुनवाई चल रही थी लेकिन वारंटी पेशी तारीख में उपस्थित नहीं हो रहा था जिसके विरूद्ध न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया था जिसकी पुलिस तलाश कर रही थी इसी दौरान मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली की वारंटी दीपक पनिका साधु के वेष में षिव घाट रहंगी में देखा गया है जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने दबिष देते हुये घेराबंदी कर वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। कार्रवाई में थाना प्रभारी दुर्गा प्रसाद नगपुरे सहायक उप निरीक्षक शेख सिराज एवं आरक्षक विनोद माहौर आरक्षक आशीष घरडे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### ग्राम पंचायत सिधोली में नहीं होती जनसुनवाई



अमरपुर। शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को सभी ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने का प्रावधान रखा गया हैं। परंतु ग्राम पंचायत के कारिंदे अपने मर्जी से ग्राम पंचायत का संचालन कर रहे हैं। ताजा मामला जनपद पंचायत अमरपुर के ग्राम पंचायत सिधोली का प्रकाश में आया हैं। जहां मंगलवार 18 नवंबर को दोपहर 12 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में मात्र मोवेलाईजर धूप तापते अकेले बैठे देखा गया। इसी बीच गांव की ही रुकमणी बाई पति कमल सिंह परस्ते पहुंची और बतलाया कि वह राशन टोकन बनवाने पिछले कई सालों से ग्राम पंचायत कार्यालय की चक्कर काट रही हैं। साथ ही यह भी बतलाया कि उसके तीन बच्चे हो गए और राशन टोकन अभी तक नहीं बन पाया हैं। जहां पंचायत में सचिव सरस्वती तेकाम नहीं पहुंची थी। मोवेलाईजर ने बतलाया कि मेडम डिंडौरी से आती हैं। आज कुछ काम आ गया होगा इस वजह से अभी तक नहीं पहुंच पाई हैं।

## मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नाम सौंपा ज्ञापन

# आशा ऊषा कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर निकाली रैली

आशा ऊषा आशा सहयोगी संयुक्त मोर्चा द्वारा मंगलवार को प्रोत्साहन राशि का प्रत्येक माह की 5 तारीख तक नियमित रूप से बिना कटौती के भुगतान, केन्द्र एवं राज्य के हिस्से का एक साथ भुगतान की मांग समेत सात सूत्रीय मांगो को लेकर 24 घंटे का धरना प्रदर्शन कर मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नाम ज्ञापन अपर कलेक्टर को सौंपा गया है।

डिंडौरी।





ज्ञापन में लेख किया गया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के शुरू होने के साथ आशा-उषा कार्यकर्ता व आशा पर्यवेक्षक की भूमिका ने यह साबित किया कि मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु को रोकने, संस्थागत प्रसव, परिवार नियोजन कार्यक्रम, टीकाकरण, बीमारियों के रोकथाम, स्वास्थ्य जागरूकता के लिये पूरे देश में अभियान समेत सरकार द्वारा आम जनता के लिये चलाये जा रहे सभी स्वास्थ्य अभियानों के संचालन में आशाएं एवं पर्यवेक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसलिये वे स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ एवं स्वास्थ्य विभाग के सैनिक के रूप में भी सम्बोधित की जाती है। वर्तमान में आशायें स्वास्थ्य विभाग की मजबूत जमीनी कार्यकर्ता है जो जमीनी स्तर पर 24 घंटे सेवायें उपलब्ध कराती है। इन सबके बावजूद आशा-उषा कार्यकर्ता व आशा पर्यवेक्षक बुनियादी अधिकारों न्यूनतम वेतन, पेंशन, ग्रेच्युटी, कार्य स्थल पर सामाजिक सुरक्षा तक से वंचित है। मध्य प्रदेश में तो आशा एवं पर्यवेक्षकों का भुगतान की स्थिति बहुत ही दयनीय है। अधिकांश जिलों में पिछले तीन-तीन महीनों का भुगतान नहीं किया गया है। संगठनों द्वारा इस समस्या को बार बार उठाने के बाद भी कुछ आंशिक भुगतान ही किया गया है, वह भी कुछ जिलों में ही। इसी तरह अधिकांश इकाइयों में प्रोत्साहन राशि का भुगतान भी काफी बकाया है। इसके चलते आशा एवं पर्यवेक्षक बेहद परेशान है। दशहरा एवं दीपावली जैसे महत्वपूर्ण त्यौहार के अवसर पर भी आशा एवं पर्यवेक्षकों का भुगतान नहीं किया गया है।

### जिला मुख्यालय में निकाली गई रैली

कलेक्ट्रेट के सामने सोमवार से धरना प्रदर्शन करने के बाद मंगलवार को जिला मुख्यालय में आशा ऊषा कार्यकर्ताओं द्वारा रैली निकाली गई। धरना स्थल से रैली प्रारंभ हुई एवं नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए बस स्टैंड तक पहुंची। बस स्टैंड से रैली पुनः मुख्य मार्ग से वापस कलेक्ट्रेट पहुंची। कलेक्ट्रेट मैं काफी देर तक नारेबाजी भी की गई। आशा ऊषा कार्यकर्ताओं ने बतलाया कि मांगों को बार-बार शांतिपूर्ण तरीके से उठाने के बावजूद उनका उचित निराकरण नहीं हो रहा है। तीन नवंबर को सभी जिला व ब्लॉक स्तर पर मोर्चे के नेतृत्व में प्रदर्शन कर आंदोलन की चेतावनी भी दी गई थी, इसके बाद भी न तो आशा ऊषा कार्यकर्ता व आशा सहयोगियों का बकाया भुगतान किया गया, न ही मांगों पर कोई विचार किया गया।

### ज्ञापन में शामिल की गई ये मांगे

सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई कि आशा एवं पर्यवेक्षकों के वेतन, प्रोत्साहन राशि के सभी बकाया राशियों का तुरंत भुगतान किया जावे। केंद्र सरकार द्वारा बढाये गए 1500 रुपये की राशि का एरियर सहित तुरंत भुगतान किया जावे। वेतन, प्रोत्साहन राशि का प्रत्येक माह के 5 तारीख तक नियमित रूप से भुगतान सुनिश्चित करने, वेतन, प्रोत्साहन राशि में केंद्र व राज्य के हिस्से का एक साथ व नियमित भुगतान हेतु ठोस प्रशासनिक व्यवस्था करने, आशा एवं पर्यवेक्षकों को किये जाने वाले वेतन भुगतान की पर्ची देने की मांग की गई है। इसी प्रकार प्रदेश के आशाओं का रोका गया टीम बेस्ड इंसेंटिव का तुरंत भुगतान करने, आशा ऊषा कार्यकर्ता व आशा पर्यवेक्षकों की बीएलओ की ड्यूटी निरस्त कर निर्वाचन सम्बन्धी कार्यों से उन्हे अलग रखा जाए। चेतावनी दी गई कि मांगो का निराकरण न होने पर आशा उषा आशा सहयोगी संयुक्त मोर्चा को उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।



## शीतलहर की चपेट में नगर सहित ग्रामीण अंचल

डिंडौरी। नगर समेत ग्रामीण अंचल शीतलहर की चपेट में आ गया है। सुबह और रात में ठंड तेवर दिखाने लगी है। जबकि दिन में धूप खिल रही है। मंगलवार को सुबह कोहरे के साथ शुरुआत हुई। दिन चढ़ने के साथ सूर्यदेव ने दर्शन दिए। ठंडी हवाएं ठुठरने मजबूर कर रही है। ठंड से बचने लोग गर्म कपड़े लादकर ही बाहर निकल रहे हैं। रात में कई जगह पर अलाव भी जलते देखे गए। मौसम विभाग की माने तो आने वाले 18 से 21 नवंबर को डिंडौरी जिले में उत्तर-पूर्व से हवा की दिशा रहेगी जिससे दिन एवं रात के तापमान में गिरावट होगी। 18 से 21 नवंबर को शीतलहर की संभावना है। दीर्घावधि पूर्वानुमान में आने वाले 2 सप्ताह में पूर्वी मध्य प्रदेश, में वर्षा नहीं होने की संभावना है, एवं तापमान में गिरावट होगी। रविवार को अधिकतम तापमान 21.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से तीन डिग्री कम रहा है। वहीं नगर में कडकडाती ठंड में नगर परिषद द्वारा अलाव की व्यवस्था नहीं की गई जिससे नगरीय क्षेत्र में कडकडाती ठंड में आगंतुक और स्थानीय निवासी ठिठुरते दिखे। पूर्व के वर्ष में नगर पंचायत द्वारा तिराहे चौराहों सहित भीड भाड वाले स्थलों में अलाव की व्यवस्था की गई थी जिससे ठंड से लोगों को कुछ राहत मिली थी लेकिन इस वर्ष नगर पंचायत द्वारा अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। वहीं जिले में प्रषासन द्वारा रैन बसेरा का भी इंतजाम नहीं किया गया है बाहर से आने वाले यात्री और काम काज से नगर में रूक कर रात बिताने वाले लोगों को खासी परेशानी हो रही है। जिले में लगातार ठंड में बढ़ोतरी हो रही है और पारा नीचे जा रहा है ऐसी दशा में लोगों ने अलाव और रैन बसेरा स्थापित करने की मांग कर रहे हैं।

# 7 सूत्रीय मांगों को लेकर पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ ने सौंपा ज्ञापन





डिंडौरी।

अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार को पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ ने ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री और कलेक्टर के नाम एसडीएम को सौंपे गये ज्ञापन में पशुपालन विभाग में जारी कृत्रिम गर्भाधान योजना में पेश आ रहीं परेशानियों पर प्रकाश डालते हुये बतलाया गया कि योजना का लाभ लेकर पशुपालक उन्नत नस्ल के पशु प्राप्त कर दुग्ध उत्पादन में वृद्धि कर अपनी आमदनी में वृद्धि कर सकता है।यह योजना सुविधा पूर्णतः पशुपालक के लिये स्वैच्छिक है और विभाग का मैदानी अमला कृत्रिम गर्भाधान कार्य के लिये हर समय उपलब्ध है। बतलाया गया है इस बाबद तीन निश्चित मापदंड का पालन अनिवार्य है।जो पशु चिकित्सक के नियंत्रण में नहीं है, बावजूद विभाग द्वारा पशु गणना के आंकड़ों के आधार पर प्रतिदिन 20 कृत्रिम गर्भाधान करने का फरमान जारी किया गया है।जिसका पालन नहीं होने की दशा में वेतन रोकना, वेतन काटना, वार्षिक वेतनवृद्धि रोकना, निलम्बित करना आदि से दंडित किया जा रहा है, इसका विरोध संघ ने किया है। संघ ने सार्थक के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने के साथ उपचार, औषधि वितरण, बधियाकरण, टीकाकरण सहित हितग्राही मूलक योजनाओं का क्रियान्वयन करना की जानकारी देकर प्रदेश की भौगोलिक स्थिति अनुसार पेश आ रही समस्याओं के निदान की मांग की है।

## परिजन का मृत्यु प्रमाण पत्र पाने के लिए दर दर भटक रहे ग्रामीण

# कलेक्टर से जनसुनवाई में दिया आवेदन





डिंडौरी।

जनपद पंचायत मेहंदवानी अंतर्गत ग्राम पंचायत खरगवारा के दो ग्रामीण अपने परिजन का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने दर-दर भटक रहे है। दोनों ग्रामीणों द्वारा मंगलवार को जनसुनवाई में आवेदन दिया गया है। आवेदक रतन सिंह परस्ते ने बतलाया कि कि मेरी माँ रामबती बाई परस्ते का आकस्मिक निधन दिनांक 01 नवंबर 2025 को हो गया है। ग्राम पंचायत कार्यालय में मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए मै अनेको बार गया, लेकिन मेरी माता का मृत्यु प्रमाण पत्र मुझे नहीं मिल रहा है। सरपंच से बात करने पर जानकारी लगी कि ग्राम पंचायत में पदस्थ सचिव चरण सिंह मरावी का निधन दो माह पूर्व हो चुका है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मेंहदवानी को ग्राम पंचायत सचिव नियुक्ति हेतु पत्राचार किया गया है। लेकिन जनपद पंचायत मेंहदवानी मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा आज तक सचिव की नियुक्ति नहीं की गई है। आवेदक ने बतलाया कि ऐसी स्थिति में मुझे 21 दिन के बाद शपथ पत्र नोटरी आदि दस्तावेज लगाने पड़ेंगे जो मुझे अतिरिक्त आर्थिक बोझ सहन करना पड़ेगा। समय पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध न होने पर समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। शीघ्र ही सचिव अथवा प्रभारी सचिव की नियुक्ति कर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान करने की गुहार लगाई है है।

### शासकीय योजनाओं से वंचित हितग्राही

इसी प्रकार आवेदक फग्गन सिंह सैयाम पिता भगत सिंह सैयाम निवासी ग्राम खरगवारा ने जनसुनवाई में आवेदन देकर बतलाया कि मेरे दादा जी का निधन 11 जुलाई 2025 को हो गया है, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। वर्तमान में ग्राम पंचायत में पदस्थ सचिव चरण सिंह मरावी का निधन दो माह पूर्व हो चुका है। ग्राम पंचायत में सचिव न होने पर मुझे मेरे दादा का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं हो पा रहा है। आवेदक ने शीघ्र ही ग्राम पंचायत खरगवारा में सचिव की नियुक्ति करने की मांग की जिससे उसे मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त हो सके तथा ग्राम पंचायत के अन्य कार्य व शासन की विभिन्न योजनाओं का कार्य समय पर हो सके।





# वेटनरी अस्पताल में पागल कुत्ते ने चार को काटा

डिंडौरी।

जिला मुख्यालय स्थित पशु चिकित्सालय में मंगलवार की दोपहर अफरा तफरी का माहौल रहा। यहां इलाज के लिये लाये गये कुत्ते ने मालिक सहित तीन लोगों को काट कर लहूलुहान कर दिया। जिसके बाद कर्मचारियों ने कार्यालय का गेट बंद करके खुद को सुरक्षित किया। वहीं पागल कुत्ते को परिसर से बाहर जाने से रोकने हेतु मुख्य गेट भी बंद कर दिया गया। इस दौरान पागल कुत्ता परिसर में दौडता रहा जिससे आतंक का माहौल बना रहा। जानकारी देते हुये पशु चिकित्सा अधिकारी शंषांक ठाकुर ने बतलाया कि सुबखार निवासी गोपाल सरैया और प्यारे लाल सरैया अपने पालतू कुत्ते का इलाज कराने अस्पताल पहुंचे थे। इस दौरान उनका कुत्ता बेकाबू हो गया और उसने अपने दोनों मालिकों को ही काट लिया। इसके बाद कुत्ते ने इलाज के लिये लाये गये भैंसलगान निवासी मनीष बर्मन को भी काट लिया। जिसके बाद अस्पताल में भगदड मच गई। कर्मचारियों ने गेट बंद करके खुद को बचाया। इस दौरान परिसर से गुजर रहे एक अन्य पशु चिकित्सा कर्मचारी भी पागल कुत्ते का निशाना बन गया। चिकित्सकों ने बतलाया कि कुत्ते में रेबीज के पूरे लक्षण दिख रहे थे। इस बावद स्वान मालिक को आगाह भी किया गया था। दो घंटे के बाद नगर परिषद के हांका गैंग ने मौके पर पहुंच कुत्ते का रेस्क्यू किया। इस दौरान पशु चिकित्सालय के सामने भारी भीड़ लगी रही।

## आजीविका भवन बजाग में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम एक बगिया मां के नाम का आयोजन

डिंडोरी। कलेक्टर के मार्गदर्शन में आजीविका भवन बजाग में एक बगिया मां के नाम अभियान के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न अधिकारियों और विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिसमें प्रमुख अतिथि के रूप में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राम बाबू देवांगन, आकांक्षी ब्लॉक फेलो डॉ. विकास जैन, सहायक यंत्री बीएस तिलगाम, उपयंत्री मनोज कुमार, एपीओ मनरेगा राम मिलन रावत, बीपीएम आजीविका मिशन नरेंद्र पांडे, कला आयाम, शालिनी चैरसिया सहित अन्य आजीविका मिशन समूह की महिलाएं एवं पुरुष की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत राम बाबू देवांगन के उद्घाटन भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के महत्व को उजागर किया। उन्होंने कहा, हमारा प्रयास है कि हर घर में एक बगिया हो, जिससे पर्यावरण को बढ़ावा मिले और हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और हरा-भरा वातावरण तैयार हो। यह भी बताया कि आदि कर्मयोगी अभियान का उद्देश्य लोगों में



कर्मयोग की भावना को प्रोत्साहित करना, उन्हें कौशल विकास से जोड़ना और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करना है। हितग्राहियों को शासन की सभी योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत दिलाने के लिए इस प्रकार के अभियान चलाए जा रहे हैं। डॉ. विकास जैन ने अपने संबोधन में बताया कि इस अभियान के माध्यम से समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा, यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों को वृक्षारोपण की प्रक्रिया से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे वे न केवल पर्यावरण की सुरक्षा कर पाएंगे, बल्कि स्थानीय स्तर पर हरियाली बढ़ाने में भी योगदान देंगे। आदि कर्म योगी अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाना समाज में सहयोग सेवा और जागरूकता को बढ़ाना पर्यावरण संरक्षण स्वछता शिक्षण ग्रामीण विकास आदि क्षेत्रों में नागरिकों की सहभागिता को बढ़ाना ताकि वे समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं आजीविका उद्यमिता और कौशल विकास के माध्यम से उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाना है। सहायक यंत्री बी एस तिलगाम और उपयंत्री मनोज कुमार ने भी वृक्षारोपण के सही तरीके और देखभाल की जानकारी दी। उन्होंने कहा, हमारे लिए यह जरूरी है कि जो पौधे लगाए जाएं, उनकी देखभाल भी ठीक से हो, ताकि वे स्वस्थ रहें और पर्यावरण में योगदान दे सकें। राम मिलन रावत ने मनरेगा योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में वृक्षारोपण कार्यक्रम को बढ़ावा देने की बात कही, वहीं नरेंद्र पांडे ने आजीविका मिशन के तहत


**जिला शिक्षा केन्द्र सर्व शिक्षा अभियान**
**जिला डिण्डौरी**

क्र./जि.शि.के./स.शि.अभि./ईएण्डआर/2025/1162 डिण्डौरी, दिनांक 18/11/2025

**अल्पावधि संक्षिप्त निविदा सूचना**

सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत शिक्षा सत्र 2025-26 में कक्षा 1 से 8 तक की समस्त शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं अन्य अध्ययनरत सामग्री विकासखण्ड स्तर से विद्यालय स्तर पर पहुँचाने हेतु निविदाएँ दिनांक 27.11.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे तक चपड़ा सील बंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती है। निविदा के साथ अमानत राशि रुपए 30000.00 (तीस हजार रुपए मात्र) का बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र डिण्डौरी के नाम से देय हो जमा करना होगा । निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत नियम / शर्ते कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र डिण्डौरी (लेखा शाखा) से 1000.00 (एक हजार रू. मात्र) रुपए नगद जमा कर कार्यालयीन समय में (अवकाश दिवस को छोडकर) दिनांक 27.11.2025 को अपरान्ह 12.00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। निविदा गठित समिति के समक्ष दिनांक 27.11.2025 को अपरान्ह 03.00 बजे खोली जावेगी ।

(माननीय मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह परियोजना संचालक द्वारा अनुमोदित)

**जिला परियोजना समन्वयक**
**जिला शिक्षा केन्द्र,डिण्डौरी, जिला-डिण्डौरी**

**खबर संक्षेप**

### बड़ी संख्या में श्रद्धालु पैदल जा रहे नर्मदा स्नान करने

तेंदूखेड़ा। कलयुग में मोक्षदायनी पुण्य सलिला मां नर्मदा के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था विश्वास श्रद्धा बढ़ती जा रही है। प्रत्येक अमावस्या पूर्णिमा को बड़ी संख्या श्रद्धालु पैदल मां नर्मदा में डुबकी लगाने पूजन अर्चन के लिए पहुंच रहें हैं।मंगल वार को सैकड़ों की संख्या में रायसेन और सागर जिले की सीमावर्ती इलाकों से नर्मदा में स्नान करने के लिए पैदल यात्रा पर तेंदूखेड़ा डोभी मार्ग से निकल रहे हैं।जो अगहन मास की अमावस्या को मां नर्मदा में स्नान कर पूजन अर्चन करेंगे।

### आज वितरित होगी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। प्रभारी अधिकारी भू- अभिलेख नरसिंहपुर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा 19 नवंबर को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21 वीं किस्त का वितरण किया जाएगा, जिसे पीएम किसान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिला स्तरीय अधिकारी अ.वि.अ. नरसिंहपुर और ब्लॉक स्तर पर सभी तहसीलदार नायब तहसीलदार कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

## आबकारी विभाग की भूमिका पर भी सवाल

# महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक के नाम सौंपा ज्ञापन

### अवैध शराब विक्रय को बंद कराने की मांग

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र करेली के ग्राम ऊमरपानी निवासी महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसडीओपी मनोज गुप्ता को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन मे उल्लेख किया गया है कि ग्राम मे अवैध शराब कारोबार फलफूल रहा है जिससे गांव असमाजिक गतिविधियां दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है जिससे गांव मे सुरक्षा की समस्या उत्पन्न होने लगी है। महिलाओं द्वारा गांव के कई व्यक्तियों पर खुलेआम अवैध शराब बेचने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों ने करेली थाना पुलिस पर भी शराब कारोबारियों से मिलीभगत का गंभीर आरोप लगाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी मनोज गुप्ता ने मौके पर ही करेली थाना प्रभारी को अवैध शराब बिक्री बंद कराने के निर्देश दिए।

### आए दिन होते हैं विवाद

ज्ञापन में बताया गया कि राकेश जाटव, संदीप जाटव, रामदयाल ठाकुर, दिवान ठाकुर और संतोष जैसे व्यक्ति लंबे समय से कच्ची और पक्की अवैध शराब बेच रहे हैं। ग्रामवासियों ने इसकी शिकायत कई बार करेली थाने में की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही थी। ज्ञापन में बताया गया है कि यह अवैध कारोबार पूरे गांव का माहौल खराब कर रहा है। गरीब और कमजोर वर्ग के लोग शराब पीकर घरों में झगड़े करते हैं, जिससे महिलाओं और बच्चों को प्रतिदिन तनावपूर्ण माहौल का सामना करना पड़ता है। इसका युवाओं और छात्रों पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि करेली पुलिस अक्सर शराब कारोबारियों से मिलकर



पैसे लेकर लौट जाती है, जिसके कारण प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पाती। अवैध शराब पर अंकुश न लगने से गांव में नशे का जाल लगातार फैलता जा रहा है। ग्रामीणों ने एसपी से मांग की है कि गांव को जल्द से जल्द नशामुक्त किया जाए।

### करेली पुलिस की मिलीभगत

महिलाओं एवं ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन मे बताया गया है कि अवैध शराब कारोबारियों के साथ थाना करेली पुलिस की मिलीभगत होने के कारण ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है जिससे ग्राम में अवैध कारोबार पैर पसार रहा है। मांग की गई है कि शराब कारोबारियों पर सख्त कार्रवाई हो और मिलीभगत में शामिल पुलिसकर्मियों की भी जांच की जाए। मामले में एसडीओपी मनोज गुप्ता ने बताया कि महिलाओं द्वारा शिकायत की गई है इस संबंध में मैं थाना प्रभारी करेली को निर्देशित किया है कि गांव में अवैध शराब की बिक्री को पूर्णतया बंद कराया जाये। अब देखना होगा कि पुलिस द्वारा क्या कार्रवाई की जाती है। पुलिस को चाहिए की गांव मे बिकने वाली अवैध शराब के कारोबार को पूरी तरह बंद कराये जिससे गांव में शांति व्यवस्था कायम हो सके।

### आबकारी विभाग सुस्त कार्यप्रणाली

जिले मे अवैध शराब कारोबार को रोकने के लिए सरकार द्वारा आबकारी विभाग बनाया गया है लेकिन जिले में पदस्थ आबकारी विभाग के अधिकारियों द्वार यदाकदा ही कार्रवाई की जाती है और पूरे जिले मे अवैध शराब बिक्री का कारोबार धड़ल्ले से जारी है जिले की 98 प्रतिशत गांव मे अवैध शराब विक्रय हो रही है लेकिन विभाग द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। उच्च अधिकारियों के निर्देश प्राप्त होते है तो आबकारी विभाग खानापूर्ति के लिए एक दो स्थानों पर कार्रवाई कर वाहवाही लूटने मे लग जाता है। जबकि नियमानुसार आबकारी विभाग को पूरा अधिकार है कि गांव - गांव बिक रही अवैध शराब पर कार्रवाई कर उसकी जांच पड़ताल करे जिससे अवैध कारोबार पनप ना सके। लेकिन आबकारी विभाग के ठेकेदारों द्वारा शराब पहुंचाई जाती है जिस कारण विभाग कार्रवाई नही करता है। यदि विभाग द्वारा कार्रवाई की जाएगी तो ठेकेदार की कमाई कम हो जाएगी और अधिकारियों को कैसे धन की पेसगी होगी।

## पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले के थाना क्षेत्र तेंदूखेड़ा के ग्राम भौरा निवासी जुगल किशोर पटेल ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर जानमाल की सुरक्षा की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि भूमि विवाद की शिकायत से नाराज होकर गांव के धनराज और गौरीशंकर पटेल ने उन पर इको कार चढ़ाकर फरसे और लोहे की रॉड से हमला किया। पीड़ति परिवार का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई न होने से वे भयभीत हैं। जुगल किशोर पटेल के अनुसार, यह घटना 12 नवंबर को हुई थी। उन्होंने बताया कि धनराज, गौरीशंकर और उनके पिता द्वारा गांव की साझा भूमि पर जबरन निर्माण किया जा रहा था। जुगल किशोर ने इसका विरोध किया, जिसके बाद विवाद हुआ। उन्होंने इस मामले की शिकायत तेंदूखेड़ा थाने और तहसीलदार से की थी। हमले के बाद जुगल किशोर को पहले तेंदूखेड़ा अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें नरसिंहपुर और फिर जबलपुर रेफर किया गया। जुगल किशोर ने यह भी आरोप लगाया है कि



पुलिस ने उनकी शिकायत के बावजूद पूरी घटना को प्राथमिकी में दर्ज नहीं किया। घटना के अगले दिन आरोपियों ने उनके घर का बिजली का तार और पानी की पाइपलाइन काटकर उनके परिवार को धमकाया। जुगल किशोर ने बताया कि वह और उनका छोटा भाई गांव में अकेले रहते हैं, जबकि उनके बच्चे बाहर पढ़ाई करते हैं। लगातार मिल रही धमकियों और आरोपियों के खुलेआम घूमने के कारण परिवार में डर का माहौल है। पीड़ति ने एसपी से आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी, मामले की निष्पक्ष जांच और उनके परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। आरोप है कि शिकायत दर्ज कराने के बाद जब जुगल किशोर गांव लौट रहे थे, तभी गौरीशंकर ने अपनी इको कार से उन्हें सामने से टक्कर मार दी, जिससे वे गिर गए। इसके बाद दोनों आरोपी कार से उतरे और फरसे तथा लोहे की रॉड से उन पर हमला कर दिया। इस हमले में जुगल किशोर को हाथ, सिर, नाक और पैरों में गंभीर चोटें आईं। ग्रामीण प्रकाश पटेल के हस्तक्षेप के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए।

## एसआईआर कार्य में बीएलओ लीलाधर लोधी टॉप

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 119 नरसिंहपुर के अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्र क्रमांक 89 देवाकछार के बीएलओ लीलाधर लोधी के द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण-एसआईआर 2026 का कार्य लगातार किया जा रहा है। मतदान केन्द्र क्रमांक 89 देवाकछार के बीएलओ श्री लोधी ने वर्तमान में एसआईआर में उत्कृष्ट कार्य किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीएलओ श्री लोधी ने मंगलवार 18 नवंबर की शाम तक जारी रिपोर्ट के आधार पर 89.03 प्रतिशत एसआईआर का कार्य किया गया, जो जिले में सर्वाधिक है।



## जनसुनवाई में आये 90 आवेदन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 90 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उन आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह नागेश सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने भी जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी और उनकी समस्याओं का निराकरण किया।



## परशुराम सेना ने सौंपे दो ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस परशुराम सेना जिला इकाई द्वारा मुख्यमंत्री एवं पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपे गए। ज्ञापन मे उल्लेख किया गया है कि गाडरवारा में गायों की सामूहिक मौत और करेली के मदार टेकरी मंदिर में पुजारी की हत्या के मामलों में अब तक कार्रवाई न होने पर विरोध दर्ज कराया गया। संगठन ने कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। ज्ञापन में सेना ने बताया है कि पिछले सप्ताह गाडरवारा नगर में लगभग 12 गायों की अचानक मौत हो गई थी। इस घटना से गौ-सेवकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों में आक्रोश है। गाडरवारा थाने में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद, गायों की मौत के वास्तविक कारणों की जांच या जिम्मेदार व्यक्तियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। परशुराम सेना ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस मामले में उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। संगठन का कहना है कि इससे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रुकेगी और स्थानीय लोगों की भावनाओं का सम्मान होगा। वही दूसर ज्ञापन में करेली थाना क्षेत्र के मदार टेकरी देवी मंदिर के पुजारी हरिनारायण शर्मा की हत्या का मामला उठाया गया। संगठन ने बताया कि डेढ़ वर्ष पहले मंदिर परिसर में अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से पंडित श्री शर्मा की हत्या कर दी थी। इतने लंबे समय के बाद भी पुलिस किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है, जिससे परिवार और समाज में रोष व्याप्त है। परशुराम सेना ने एसपी से पंडित हरनारायण शर्मा के हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है। यदि शीघ्र कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। तो उग्र आंदोलन किया जावेगा।



## करोड़ों की लागत से बना छात्रावास अब तक उपयोग में नहीं, जिम्मेदारों की लापरवाही से उठ रहे सवाल



**गोटेगांव।** एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है जिसमें अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विभाग द्वारा संचालित छात्र-छात्राओं के छात्रावासों को लेकर गंभीर अनियमितताएं उजागर हो रही हैं। विभाग की पुरानी बिल्डिंग पूरी तरह जर्जर हो चुकी है, फिर भी आज तक विद्यार्थियों को वहां से नए छात्रावास में शिफ्ट नहीं किया गया है जबकि नई बिल्डिंग 29 जनवरी 2025 को ही पूरी तरह तैयार हो चुकी है।जानकारी के अनुसार, अनुसूचित जनजाति विभाग ने दो प्राइवेट भवन किराए पर लेकर छात्रावास संचालन की व्यवस्था कर रखी है एक महिंद्रा शोरूम के सामने और दूसरा शिक्षक कॉलोनी में। इन भवनों के किराए के रूप में विभाग द्वारा प्रतिमाह लगभग 60 से 80 हजार रुपये की सरकारी राशि खर्च की जा रही है। वहीं, दूसरी ओर बाईपास स्थित करोड़ों की लागत से निर्मित शासकीय छात्रावास की बिल्डिंग महीनों से खाली पड़ी है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब सरकारी बिल्डिंग पूरी तरह से बनकर तैयार है, तो फिर प्राइवेट मकानों को किराए पर लेकर छात्रावास क्यों संचालित किए जा रहे हैं? क्या विभागीय अधिकारी जानबूझकर किसी को लाभ पहुंचाना चाहते हैं? यह सवाल अब नागरिकों में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस संबंध में जब जिला संयोजक प्रियंका राय से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि उनका हाल ही में स्थानांतरण हुआ है और उन्होंने आश्वासन दिया कि "एक सप्ताह के भीतर विद्यार्थियों को नए छात्रावास में शिफ्ट कर दिया जाएगा।"फिर भी बड़ा सवाल यही है जब जनवरी में ही बिल्डिंग तैयार हो गई थी, तो अब तक छात्रावास को स्थानांतरित क्यों नहीं किया गया? यह प्रशासन और संबंधित विभागों के लिए सोचने और संज्ञान लेने योग्य विषय है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अवैध पार्किंग से बढ़ी परेशानी



### एम्बुलेंस को आने-जाने में हो रही बाधा, मरीज और परिजन परेशान

**गोटेगांव।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोटेगांव में अवैध पार्किंग की समस्या दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। अस्पताल परिसर के बाहर ही नहीं, बल्कि मुख्य गेट के पास भी वाहन खड़े करने से मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है स्थिति यह है कि एम्बुलेंस को आपातकालीन स्थिति में अस्पताल के भीतर लाने-ले जाने में बार-बार दिक्कत उत्पन्न होती है। कई बार तो मरीजों को स्ट्रेचर पर गेट से अंदर ले जाना पड़ा है, जिससे उपचार में विलंब हुआ।स्थानीय नागरिकों और मरीजों के परिजनों का कहना है कि अस्पताल प्रशासन और पुलिस को इस ओर सख्त कदम उठाना चाहिए। अस्पताल आने-जाने वाले मरीजों की सुविधा के लिए अवैध पार्किंग पर रोक लगाना जरूरी है,वहीं लोगों ने बताते हैं कि यह गाड़ियां आसपास के ही व्यापारियों व दुकानदारों की है जो कि अपनी चार पहिया वाहन को लाकर अस्पताल के अंदर खड़े करते रहते हैं।देखा जाता है कि पोस्टमार्टम कक्ष के बाहर यह गाड़ियां अवैध रूप से आडी तिरछी खड़ी कर दी जाती है जिससे डॉक्टर एवं संबंधित परिजनों को भारी दिक्कतों का सामना उठाना पड़ता है।नागरिकों ने मांग की है इस अवैध पार्किंग पर तत्काल रोक लगे ताकि आपातकालीन सेवाएं सुचारु रूप से संचालित हो सकें और अस्पताल परिसर के अंदर आने वाली एंबुलेंस एवं मरीजों को आसानी हो सके।

## 9 जन शिक्षा केंद्रों पर ओलंपियाड परीक्षा आयोजित



### डोभी में 44 छात्र रहे अनुपस्थित

**तेंदूखेड़ा ।** मंगलवार को बच्चों के तार्किक और सामाजिक ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए विकासखंड के अंतर्गत नामांकित 3416 छात्र छात्राओं ने 9 जनशिक्षा केंद्रों पर ओलंपियाड परीक्षा में सम्मिलित हुए। सभी जनशिक्षा केंद्रों पर निर्धारित समय से आधा घंटा पूर्व सभी छात्राओं को रोल नंबर अनुसार बैठाया गया। एवं 11 बजे से सभी छात्र छात्राओं को प्रश्न पत्र वितरित कर ओएमआर शीट पर उत्तर अंकित कराए गए। सभी जगह बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कई की गई तो कुछ जनसंख्या केंद्रों पर कुछ बच्चे अनुपस्थित पाए गए। जो बच्चे अनुपस्थित रहे वह अपने गांव से बाहर रहे।इसलिए इस परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सके।सभी जन शिक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुई। डोभी जन शिक्षा केंद्र के अंतर्गत जनशिक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि इस केंद्र पर चिन्हित 362 नामांकित बच्चों में से 44 बच्चे अनुपस्थित पाए गए। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया। परीक्षा उपरांत सभी बच्चों को एक विशेष भोज का भी आयोजन केंद्र पर मध्यान भोजन स्व सहायता समूह के द्वारा कराया गया।

### तेंदूखेड़ा ओलंपियाड परीक्षा में 20 छात्र रहे अनुपस्थित

तेंदूखेड़ा मंगलवार को संपन्न हुई ओलंपियाड परीक्षा में जन शिक्षा केन्द्र शास. कन्या उ. मा. विद्यालय में कक्षा 2 से 3, 4 से 5 एवं, 6 से, 8 तक कुल 479 परीक्षार्थी दर्ज थे। जिनमें से 459 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 20 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षार्थियों को संबंधित शाला के शिक्षक परीक्षा केन्द्र तक लाये एवं वापिस घर तक पहुंचाया। परीक्षा उपरांत बच्चों को भोजन पैकेट भी वितरित किये गए।

## ओलम्पियाड परीक्षा सत्र 2025-26 के सफल आयोजन

**गोटेगांव।** समीपवर्ती ग्राम बगासपुर के शासकीय हाईस्कूल जनशिक्षा केन्द्र बगासपुर गोटेगाव विकासखंड मेंओलम्पियाड परीक्षा सत्र 2025-26 के सफल आयोजन हुआ यह उपलब्धि सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों,अभिभावकों तथा आयोजन समिति के सामूहिक प्रयास,मेहनत और समर्पण का परिणाम है। शिक्षकों ने बच्चों से कहा आपकी दूरदर्शिता, उत्कृष्ट प्रबंधन और शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता गौरवपूर्ण है।यह सफलता छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, प्रतिस्पर्धी भावना तथा नवाचार क्षमता को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।आगामी सत्रों में भी इसी तरह प्रतिभा निखारने व प्रेरणा प्रदान करने का क्रम लगातार जारी रहे वहीं जनशिक्षा केन्द्र प्रभारी रंजीत सिंह पिपरोलिया जनशिक्षा केन्द्र बगासपुर एवं जनशिक्षक राजेश अग्रवाल, प्रकाश राकेसिया तथा परीक्षा केंद्र पर उपस्थित सभी शिक्षक एवं अविभावकों को ओलम्पियाड परीक्षा सत्र 2025-26 के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी गई।



## अनजान मोबाइल नंबरों से रहें सावधान

### साइबर अपराधों को लेकर किया जागरूक

**तेंदूखेड़ा।** बढ़ते साइबर अपराधों को रोकने और जागरूकता बढ़ाने सोशल मीडिया के माध्यम से आने वाले अपरिचित नंबरों से सावधान रहने लिंक ना देने तथा अपने आस पास क्षेत्रों में होने वाले अपराधों को रोकने की दिशा में जानकारी पुलिस को निडरता पूर्वक देने सहित विभिन्न विषयों को दृष्टिगत रखते हुए तेंदूखेड़ा नगर निरीक्षक बी एल त्यागी के द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में छात्राओं का आवश्यक मार्गदर्शन किया। और छात्राओं को बताया कि इस तरह की जानकारी के लिए हमें स्वयं तो जागरुक होना होगा और अपने आस पास के लोगों को जागरूक करना होगा तभी हम मिलकर इस तरह की अपराधिक गतिविधियों को रोक पायेंगे।नगर निरीक्षक श्री त्यागी ने बताया कि चालाक और ठग तरह तरह के हथकंडे अपनाते हुए भोले भाले सीधे साधे लोगों को ठगी का शिकार कर लेते हैं। हमें अपने बैंक खाते की डिटेल और ओटीपी बगैरह मांगी जाती है वह कभी शेयर नहीं करना चाहिए।आर बी आई द्वारा भी समय समय पर मेसेज भेजकर जागरूक किया जाता है। एक्सपर्ट ठगों के हथकंडों से बचना ही हमारी समझदारी है।इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रश्मि शर्मा के साथ विद्यालय परिवार के शिक्षक और छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

